आयुक्त–सह–अध्यक्ष, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर की अध्यक्षता में दिनांक–09.05.2025 को आहूत क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर की बैठक की कार्यवाही :–

उपस्थिति :–

1. श्री सरवणन एम0, आयुक्त–सह–अध्यक्ष, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर।
2. श्री सुरेन्द्र प्रसाद, संयुक्त आयुक्त–सह–सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर।
3. श्री संजीव कुमार, अपर समाहर्त्ता (राजस्व), मुजफ्फरपुर – सदस्य।

कार्यवाहीः–

1. आयुक्त–सह–अध्यक्ष, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर द्वारा उपस्थित सदस्यों एवं अन्य पदाधिकारीगण/आवेदकगण का स्वागत करते हुये बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।
2. विगत बैठक दिनांक 28.03.2025 की कार्यवाही के अनुपालन का निदेश दिया गया।
3. सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर को प्राधिकार द्वारा प्रदत्त शक्ति के तहत किए गए कार्यों की सूचना ग्रहित की गयी एवं उसका अनुमोदन किया गया।
4. सभी सदस्यों द्वारा परमिट निर्गत करने से संबंधित परिपत्र एवं अधिसूचना आदि का अवलोकन किया गया, जो इस प्रकार है :–

क्र0	परिपत्र/अधिसूचना संख्या एवं दिनांक	विषय
1	सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना संख्या 1377 दिनांक 06.04.2018	वाहनों के अधिकतम गति सीमा के संबंध में।
2	परिवहन विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या 6281 दिनांक 02.09.2020	क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यगण की नियुक्ति।
3	उप परिवहन आयुक्त, बिहार, पटना का पत्रांक 1932 दिनांक 12.03.2021	राज्य परिवहन प्राधिकार की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुपालन हेतु क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार का निर्देश एवं शपथ–पत्र, वांछित कागजात।
4	बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित अधिसूचना संख्या 615 दिनांक 29.10.1985	राष्ट्रीयकृत मार्गों पर परिचालन के संबंध में।
5	विशेष सचिव, परिवहन विभाग, बिहार, पटना के ज्ञापांक 11715 दिनांक 05.10.1991	राष्ट्रीयकृत मार्गों पर परिचालन के संबंध में।
6	सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के पत्रांक RT-11036/09/2023-MVL दिनांक 02.01.2023	वाहनों को Flagging / Blacklisting करने के संबंध में।
7	सचिव, राज्य परिवहन प्राधिकार, बिहार, पटना का पत्रांक 4548 दिनांक 14.06.2023	बसों के दोनों तरफ परमिट विवरणी अंकित करने के संबंध में।
8	सचिव, राज्य परिवहन प्राधिकार, बिहार, पटना का पत्रांक 5549 दिनांक 14.07.2023	सभी व्यावसायिक यात्री वाहनों में vehicle location tracking device स्थापित एवं सक्रिय होने के संबंध में।
9	परिवहन विभाग, बिहार अधिसूचना संख्या 8866 दिनांक 09.07.2024	मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के अन्तर्गत कुल–2005 नये अन्तर्क्षेत्रीय मार्गों को अधिसूचित करने के संबंध में।

5. माह अप्रैल–2025 में बसों की स्थायी परमिट निर्गत करने हेतु प्राप्त हुए कुल–50 आवेदनों एवं पूर्व के लंबित 02 आवेदनों पर विचार किया गया, जिसका समेकित विवरण निम्नवत् है:–

नये आवेदन	लंबित आवेदन मई–2023 एवं दिसम्बर–2024	स्वीकृत	अस्वीकृत	आवेदन वापस	अगली बैठक में निर्णय हेतु सुरक्षित
50	02	28	15	05	02

6. **प्राधिकार की बैठक दिनांक 30.10.2024 एवं 14.11.2024 को समय अन्तराल पर सर्वसम्मति से लिए गये निर्णय निम्नवत् है :–**

(क) प्रारंभिक/मुख्य बिन्दु पर न्यूनतम समय अन्तराल :– किसी वाहन का पूर्व से निर्गत परमिट अथवा किसी वाहन का परमिट हेतु पहले प्राप्त आवेदन (स्वीकृत होने की स्थिति में) के प्रस्थान समय से पहले (Before) न्यूनतम 07 मिनट और बाद में (After) न्यूनतम 05 (पाँच) मिनट का समय अन्तराल अनुमान्य होगा।

(i) पटना या मुजफ्फरपुर से किसी भी मार्ग पर परिचालित वाहनों के प्रस्थान समय के पहले या बाद में न्यूनतम 3 (तीन) मिनट समय अन्तराल अनुमान्य होगा।

(ii) पटना या मुजफ्फरपुर छोड़कर किसी अन्य पड़ाव स्थल से परिचालित वाहनों के लिए मार्ग भिन्न होने की स्थिति में यदि कॉमन रूट 40 प्रतिशत से कम हो तब भी प्रारंभिक स्थल पर पहले या बाद में न्यूनतम समय अन्तराल 3 (तीन) मिनट अनुमान्य होगा। यदि कॉमन रूट 40 प्रतिशत से अधिक हो तो प्रारंभिक स्थल पर पहले (Before) न्यूनतम 07 मिनट और बाद में (After) न्यूनतम 05 (पाँच) मिनट का समय अन्तराल अनुमान्य होगा।

(ख) मध्य बिन्दु पर न्यूनतम समय अन्तराल :–किसी वाहन का पूर्व से निर्गत परमिट अथवा किसी वाहन का परमिट हेतु पहले प्राप्त आवेदन (स्वीकृत होने की स्थिति में) के प्रस्थान समय से पहले या बाद में (Before/After) न्यूनतम 03 (तीन) मिनट का समय अन्तराल अनुमान्य होगा।

(i) पूर्व से निर्गत परमिट वाले वाहन का मध्य बिन्दु एवं आवेदित वाहन का प्रारंभिक/मुख्य बिन्दु होने की स्थिति में समय अन्तराल पहले या बाद में 03 (तीन) मिनट अनुमान्य होगा।

(ii) पूर्व से निर्गत परमिट वाले वाहनों का प्रारंभिक/मुख्य बिन्दु एवं आवेदित वाहन का मध्य बिन्दु होने की स्थिति में समय अन्तराल पहले (Before) न्यूनतम 07 मिनट और बाद में (After) न्यूनतम 05 (पाँच) मिनट (पटना या मुजफ्फरपुर छोड़कर) अनुमान्य होगा, परन्तु मार्ग भिन्न एवं कॉमन रूट 40 प्रतिशत से कम होने पर पहले या बाद में समय अन्तराल 3 मिनट अनुमान्य होगा।

7. **Overlapping of Route** एक मार्ग पर परमिट हेतु आवेदन प्राप्त होता है, दूसरे मार्ग के परमिट धारक आपत्ति दर्ज कराकर परमिट का विरोध करते हैं। इस संबंध में स्पष्ट है कि जब एक मार्ग दूसरे मार्ग से भिन्न हो एवं एक मार्ग दूसरे मार्ग को 40 प्रतिशत से कम आच्छादित करता हो तो दोनों मार्गों को भिन्न मानते हुए परमिट निर्गमन पर निर्णय लिया जाएगा तथा जब एक मार्ग दूसरे मार्ग को 40 प्रतिशत से अधिक आच्छादित करता हो तो उन दोनों मार्गों को समान मानते हुए तदनुसार परमिट निर्गमन पर निर्णय लिया जाएगा।

8. **नये आवेदन संबंधी दिशा निर्देश :–**परमिट निर्गत करने हेतु निर्णय ऑनलाईन आवेदन, प्रकाशित समय–सारणी एवं उसके साथ संलग्न कागजातों के आधार पर लिया जाता है। किसी प्रकार का त्रुटि न हो इसके लिए कार्यालय अभिलेख के रूप में निम्नलिखित कागजातों की पठनीय/स्वअभिप्रमाणित प्रति कार्यालय में जमा करना आवश्यक है :–

(i) निबंधन–पुस्त की स्व–अभिप्रमाणित प्रति।

(ii) टैक्स की स्व–अभिप्रमाणित प्रति।

(iii) दुरूस्ती प्रमाण–पत्र (Fitness) की स्व–अभिप्रमाणित प्रति।

(iv) बीमा प्रमाण–पत्र की स्व–अभिप्रमाणित प्रति।

(v) प्रदूषण प्रमाण–पत्र की स्व–अभिप्रमाणित प्रति।

(vi) VLTD स्थापित एवं सक्रिय होने संबंधी विवरणी की स्व–अभिप्रमाणित प्रति।

(vii) HSRP स्थापित एवं सक्रिय होने संबंधी विवरणी की स्व–अभिप्रमाणित प्रति।

(viii) आवेदित मार्ग का वैध नक्शा।

(ix) मोटरयान निरीक्षक का जाँच प्रतिवेदन ऑनलाईन आवेदन के List of Documents के क्रमांक 22 में फिटनेश प्रमाण–पत्र के साथ स्कैन कर अपलोड करेंगे।

(x) विहित प्रपत्र में 22 बिंदू का शपथ–पत्र।

नोटः–शपथ पत्र पर निबंधन पुस्त के अनुरूप ही वाहन स्वामी का नाम/पता अंकित किया जाएगा।)

(xi) वाहन के अन्दर एवं चारों तरफ का वाहन स्वामी के साथ रंगीन फोटोग्राफ (वाहन–6, वाहन स्वामी–1)

(xii)वाहन स्वामी का आधार कार्ड/पैन कार्ड/आवासीय प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति।

(xiii) परमिट आवेदन पर मार्ग संख्या अंकित करते हुए उल्लेख करेंगे कि वाहन स्लीपर है या सीटर।

(xiv) वाहन के चालक एवं कंडक्टर की अनुज्ञप्ति स्वअभिप्रमाणित प्रति।

(xv) पुराना परमिट समय–सारणी के साथ (यदि वाहन परमिट से आवृत्त हो)

(xvi) बैनर का नाम (बैनर अंतर्गत परिचालित सभी वाहनों की सूची अवश्य संलग्न करें)

(xvii) वाहन स्वामी का नाम एवं पूर्ण पता (मोबाईल नं0 एवं पिन कोड सहित) लिखित **लिफाफा 26 रूपये डाक टिकट के साथ**, ताकि सही पते पर परमिट भेजा जा सके।

(xviii) समय–सारणी (विहित प्रपत्र में) –मार्ग संख्या के साथ अंकित भाया के अनुरूप समय–सारणी का प्रकाशन करते हुए उसकी मूल प्रति समर्पित की जाए। दो क्रमागत बस पड़ाव के बीच की दूरी एवं उसे तय करने में लगे समय का स्पष्ट उल्लेख करना आवश्यक है। दूरी एवं संगत समय का गलत उल्लेख करने पर एवं अधिसूचित मार्ग के अनुरूप पड़ाव स्थल अंकित नहीं होने पर आवेदन अस्वीकृत कर दिया जाएगा तथा शपथ–पत्र में उल्लेख करना होगा कि समय–सारणी में कहीं भी गतिसीमा का उल्लंघन नहीं हो रहा है।

समय–सारणी का प्रपत्र

वाहन संख्या–..... रूट संख्या–..... (.....से.....तक) वाया–.....

पड़ाव स्थल	वाहन के आगमन का समय	वाहन के प्रस्थान का समय	दो क्रमागत बस पड़ावों के बीच की दूरी	उक्त दूरी को तय करने में लगने वाला समय

9. आवेदित वाहनों के समय–सारणी का प्रकाशनः–

(i) प्राधिकार के निर्णयानुसार आवेदक द्वारा समर्पित ऑनलाईन आवेदन एवं मूल संचिका में संलग्न समय–सारणी को बिना संशोधित किए दावा/आपत्ति आमंत्रित करने हेतु कार्यालय के वेबसाईट पर तथा सूचना पट्ट पर प्रकाशित किया जाना है। अतः आवेदक की जिम्मेवारी है कि अधिसूचित मार्ग संख्या एवं अंकित भाया के अनुरूप ऑनलाईन आवेदन एवं त्रुटि रहित समय–सारणी समर्पित की जाए। ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आवेदन में विसंगति पाये जाने पर आवेदन अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

(ii) यदि किसी वाहन को परमिट की स्वीकृति दी जाती है तथा बाद में समय–सारणी या वाहन से संबंधित कोई शिकायत प्राप्त होता है, तब प्राधिकार द्वारा तथ्यों की जॉच करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

10. **आपत्ति आमंत्रित करना:–**

(i) प्राधिकार द्वारा निर्धारित समय सीमा में प्राप्त आवेदनों को एजेंडा के रूप में संकलित किया जाता है एवं "पहले आओ–पहले पाओ" First in-First out (FIFO) के नियम के आधार पर आवेदन को तिथि/समय के क्रमानुसार संधारित किया जाता है।

(ii) समय–सारणी प्रकाशन पर आपत्ति के लिए शुल्क के रूप में 1000/–रू0 निर्धारित है।

(ii) प्राधिकार को समय–सारणी प्रकाशन पर आपत्ति से इतर किसी विशेष सूचना देने पर कोई आपत्ति शुल्क देय नहीं है। कार्यालय सूचना को एजेंडा/प्रोसिडिंग मे प्रकाशित नहीं किया जा सकता है।

11. **आपत्तिकर्ता का दायित्व :–**

(i) आपत्तिकर्ता परमिट से आवृत वाहनों से ही आपत्ति दर्ज करेंगे एव आपत्ति करते समय संबंधित वाहनों के सभी मान्य कागजात यथा टैक्स, इन्श्यूरेश, फिटनेश, प्रदूषण, एच0एस0आर0पी0, भी0एल0टी0डी0 अद्यतन एवं अधिरोपित जुर्माना की राशि जमा करना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा मान्य कागजात/जुर्माना लंबित रहने की स्थिति में प्राधिकार द्वारा अतिरिक्त जुर्माना रू0 10000/– अधिरोपित किया जाएगा तथा आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

(ii) वाहन स्वामियों से अनुरोध है कि किसी भी तरह का आवेदन स्वयं उपस्थित होकर समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। यदि किसी कारणवश वाहन स्वामी उपस्थित नहीं हो सके तो अपने द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से प्राधिकरण पत्र एवं संबंधित प्रतिनिधि का पहचान पत्र की छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करते हुए कार्यालय के काउण्टर पर जमा किया जा सकता हैं।

(iii) प्रायः देखा जा रहा है कि वास्ते लिखकर एक प्रतिनिधि द्वारा अनेक वाहन स्वामी का हस्ताक्षर कर बेवजह आपत्ति दर्ज किया जा रहा है, जिससे अवांछित आपत्ति प्राप्त होता रहता है एवं कार्यालय का समय बर्बाद होता है। अतः आपत्ति/आवेदन की प्रमाणिकता स्थापित हो सके इसके लिए भविष्य में वास्ते से हस्ताक्षरित सभी आवेदन /आपत्ति में वाहन स्वामी का प्राधिकरण पत्र एवं पहचान पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक होगा। प्राधिकरण पत्र की एक मूल प्रति कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है, ताकि जरूरत पड़ने पर छायाप्रति को मूल कार्यालय प्रति से मिलान किया जा सके।

(iv) कार्यालय में किसी काम से आनेवाले प्राधिकृत प्रतिनिधि के साथ वाहन स्वामी द्वारा उनके नाम से निर्गत प्राधिकरण पत्र के साथ मान्य पहचान पत्र साथ में रखना अनिवार्य है, जाँच के दौरान उक्त का उल्लंघन करनेवालों पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए नियमसंगत कार्रवाई की जाएगी।

(v) यदि किसी वाहन स्वामी को अपनी शिकायत/बात रखनी हो तो इस प्राधिकार का ई–मेलः– rtamuztirhut.bih@bihar.gov.in पर जानकारी को ऑनलाईन भेज सकते हैं अथवा संयुक्त आयुक्त–सह–सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, तिरहुत, मुजफ्फरपुर के समक्ष उपस्थित होकर शांतिपूर्ण तरीके से रख सकते हैं।

12. **वाहन की आयु के अनुसार प्रतिदिन दूरी/गति सीमा :–** सरकारी नियम के अनुसार बस की आयु के आधार पर प्रतिदिन परिचालन निम्न प्रकार किया जाना है :–

क्र0 सं0	बस की आयु (वर्ष में)	प्रतिदिन अधिकतम परिचालन (कि0मी0 में)
1	0–5	असीमित
2	5–10	600
3	10–15	400
4	15 वर्ष से अधिक	100

सभी वाहन स्वामियों से अनुरोध किया गया कि उक्त नियम का पालन करते हुए अपने वाहनों का परिचालन सुनिश्चित करेंगे। जिस वाहन की आयु परमिट की वैधता की तिथि के पूर्व ही 15 वर्ष हो जायेगी, उसके वाहन स्वामी 15 वर्ष पूरी होने के एक माह पहले उच्च मॉडल के वाहन से प्रतिस्थापन अनिवार्य रूप से करा लेंगे।

13. **गति सीमा का पालन** :– सभी आवेदक/वाहन स्वामी से अनुरोध किया गया कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के अधिसूचना संख्या 1377 दिनांक 06.04.2018 के अनुसार गति सीमा एवं इस प्राधिकार द्वारा तैयार की गई शपथ–पत्र **(अनुलग्नक–1)** में सभी सूचनाएँ अंकित करते हुए स्पष्ट उल्लेख करना अनिवार्य होगा कि **आवेदित वाहन के समय–सारणी में कहीं भी गति सीमा का उल्लंघन नहीं हो रहा है। साथ ही समय–सारणी में दो क्रमागत बस पड़ाव के बीच की दूरी एवं उसे तय करने में लगने वाला समय का स्पष्ट उल्लेख हो।** इससे आपत्तिकर्त्ता को भी सही जानकारी होगी एवं तथ्यात्मक शिकायत कर पायेंगे। विहित प्रपत्र इस कार्यवाही के कंडिका–8 में अंकित है। विहित प्रपत्र आवेदन के साथ संलग्न नहीं रहने पर उनका आवेदन रद्द कर दिया जाएगा।

सामान्य बस– 20–60 कि0मी0/घंटा

मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजनान्तर्गत–10–60 कि0मी0/घंटा

14. **बसों के दोनों तरफ परमिट विवरणी अंकित किया जाना** :– सचिव, राज्य परिवहन प्राधिकार, बिहार, पटना के पत्रांक 4548 दिनांक 14.06.2023 द्वारा मोटरयान अधिनियम, 1988 में निहित प्रावधानों के तहत् बसों के दोनों तरफ परमिटधारी का नाम एवं पता सहित बस के ड्राईवर एवं कंडक्टर का नाम एवं मोबाईल नम्बर अंकित किया जाना अनिवार्य किया गया है।

उक्त के संबंध में क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर के द्वारा आयोजित दिनांक 20.06.2023 एवं दिनांक 30.06.2023 की बैठक में सभी बस मालिकों को सूचित करते हुए अनुपालन सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। साथ ही इस संबंध में समाचार पत्र दैनिक जागरण के दिनांक 16.07.2023 एवं 09.02.2024 तथा हिन्दुस्तान के दिनांक 09.02.2024 के अंक में प्रेस विज्ञप्ति भी प्रकाशित कर सभी बस मालिकों को निदेश दिया गया कि अपने बसों के दोनों तरफ **(i) परमिटधारी का नाम एवं पता (ii) परमिट संख्या एवं वैधता (iii) मार्ग संख्या, प्रारंभ एवं गंतव्य स्थल (iv) बस के चालक एवं कंडक्टर का नाम एवं मोबाईल नम्बर** अनिवार्य रूप से अंकित करा लें।

इस संबंध में सभी जिला परिवहन पदाधिकारी, तिरहुत प्रमंडलान्तर्गत को निदेश दिया गया कि बसों की जाँच उपरोक्त निदेशानुसार करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करें।

15. **सभी व्यावसायिक यात्री वाहनों में Vehicle Location Tracking Device स्थापित एवं सक्रिय होना**:– सचिव, राज्य परिवहन प्राधिकार, बिहार, पटना के पत्रांक 5549 दिनांक 14.07.2023 द्वारा परमिट निर्गमन हेतु व्यावसायिक यात्री वाहनों में V.L.T.D. (Vehicle Location Tracking Device) स्थापित होना एवं सक्रिय होना अनिवार्य किया गया है। इस संबंध में समाचार पत्र दैनिक जागरण के दिनांक 16.07.2023 एवं 09.02.2024 तथा हिन्दुस्तान के दिनांक 09.02.2024 के अंक में प्रेस विज्ञप्ति भी प्रकाशित की गयी, परन्तु अभी भी अधिकांश बस मालिकों द्वारा अपने बस में V.L.T.D. स्थापित नहीं कराया गया है।

अतएव सभी वाहन मालिकों को निदेश है कि सभी व्यावसायिक यात्री वाहनों में V.L.T.D. (Vehicle Location Tracking Device) **स्थापित (Install) कराना सुनिश्चित करें। V.L.T.D. स्थापित होने एवं सक्रिय होने की स्थिति में ही परमिट निर्गत किये जायेंगे।**

साथ ही **पूर्व से परमिट से आवृत्त वाहनों में V.L.T.D. स्थापित कराना सुनिश्चित करें,** अन्यथा V.L.T.D. स्थापित एवं सक्रिय नहीं पाये जाने पर परमिट निलंबित/रद्द कर दिया जायेगा।

सभी जिला परिवहन पदाधिकारी, तिरहुत प्रमंडलान्तर्गत को पुनः निदेश दिया गया कि बसों में V.L.T.D. की सक्रियता की जाँच करते हुए नियमानुसार कार्रवाई करें।

16. **उपलब्ध टाईम स्लॉट, पहले आओ–पहले पाओ** :– जिन वाहन स्वामी के आवेदन को अस्वीकृत कर दिया गया है, उन इच्छुक आवेदकों से अनुरोध है कि वे पुनः विहित प्रक्रिया अपना कर आवेदन कर सकते हैं। प्राधिकार की अगली बैठक में **"पहले आओ–पहले पाओ" First in-First out (FIFO)** के नियम के आधार पर **आवेदन की तिथि/समय के क्रमानुसार** विचार किया जाएगा।

17. **स्टेज कैरेज परमिट का प्रत्यर्पण :–**

कार्यालय अभिलेख के लिए निम्नलिखित कागजातों की पठनीय एवं स्वअभिप्रमाणित प्रति कार्यालय में जमा कराना आवश्यक है।

(i) परमिट की मूल प्रति।

(ii) फाईनेन्सर का अनापत्ति प्रमाण–पत्र। (यदि वाहन हाईपोथिकेशन पर हो)

(iii) प्रयोजन का साक्ष्य।

(iv) आधार कार्ड की स्व–अभिप्रमाणित प्रति।

(v) सनहा (यदि परमिट खो गया हो/नष्ट हो गया हो)

नोट :–स्टेज कैरेज परमिट का प्रत्यर्पण (यदि फाईनेन्सर द्वारा गाड़ी की नीलामी की गई हो) :–

कार्यालय अभिलेख के लिए निम्नलिखित कागजातों की पठनीय एवं स्वअभिप्रमाणित प्रति कार्यालय में काउण्टर संख्या–01 पर जमा कराना आवश्यक है।

(i) परमिट की मूल प्रति।

(ii) फाईनेन्सर का अनापत्ति प्रमाण–पत्र।

(iii) फाईनेन्सर का अनुशंसा पत्र (विक्रय किए गए वाहन स्वामी का सभी संबंधित दस्तावेज अनुलग्नक के साथ)

(iv) प्रयोजन का साक्ष्य।

(v) फाईनेन्सर का निबंधन संबंधी साक्ष्य।

(vi) सनहा (यदि परमिट की मूल प्रति फाईनेन्सर को सुपूर्द नहीं किया गया हो)

18. **स्टेज कैरेज परमिट की शर्त्तों के उल्लंघन पर कार्रवाई :–**

परमिट से संबंधित इस प्राधिकार के द्वारा बैठक में लिए गए निर्णय, राज्य परिवहन प्राधिकार, पटना के निर्णय एवं विभागीय निदेश के आलोक में समय–समय पर सूचनाओं को समाचार पत्र एवं इस प्राधिकार के वेबसाईट के माध्यम से प्रचारित किया जाता है तथा उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम–1988, केन्द्रीय मोटरयान नियमावली–1989, बिहार मोटरयान नियमावली–1992 एवं बिहार करारोपण अधिनियम–1994 की सुसंगत धाराओं एवं नियम के प्रावधानानुसार कार्रवाई की जाती है।

19. **बैठक में हंगामा करने वाले पर कड़ी कार्रवाई :–**सभी आवेदकों एवं आपत्तिकर्ताओं को सख्त हिदायत दी गयी कि वे **बैठक में शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखेंगे, आपस में झगड़ा या हंगामा नहीं करेंगे** अन्यथा उनके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। यदि कोई बात बैठक में नहीं रख पाते हैं तो अगले कार्य दिवस को अपराहन् 01:00 बजे तक सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर से मिलकर अपनी बात रख सकते हैं।

20. **सशर्त्त परमिट स्वीकृति के मामलों में शर्त्त का अनुपालन/जुर्माना राशि अदा करना :–** प्राधिकार द्वारा सर्वसम्मति से जिन आवेदनकर्त्ताओं का आवेदन सशर्त्त स्वीकृत किया गया, उनसे अद्यतन मान्य कागजात, अधिभार की राशि, प्रक्रिया शुल्क एवं यदि जुर्माना किया गया हो तो जुर्माना की राशि चालान से 10 दिनों के अन्दर निश्चित रूप से जमा कराकर तदनुसार परमिट प्राप्त कर सकते हैं। **यदि आगामी बैठक से पहले तक वे अपना परमिट प्राप्त नहीं करते हैं तो उनके आवेदन को निष्पादित (dispose off) करते हुए उक्त टाइम स्लॉट को खाली कर दिया जाएगा।**

कई वाहन स्वामियों द्वारा आवेदन दिया गया है कि **कोर्ट में जुर्माना लंबित होने के कारण अनुपालन में देरी होती है,** वैसे वाहन स्वामियों को निदेश दिया गया कि प्रतिमाह आवेदन देने के अंतिम तिथि के पूर्व सभी जुर्माना जमा करा कर निष्पादन करा लें। जुर्माना जमा होने की स्थिति में ही परमिट निर्गत किया जायेगा। कोर्ट में लंबित जुर्माना निष्पादित करने हेतु कोई अतिरिक्त समय देय नहीं होगा।

सभी वाहन स्वामियों से अनुरोध है कि आवेदन की तिथि से कम से कम अगले 3 (तीन) माह तक वाहन का सभी मान्य कागजात यथा टैक्स, फिटनेस, बीमा एवं प्रदूषण अद्यतन रखना सुनिश्चित करेंगे ताकि परमिट को उनके घर भेजने में कठिनाई नहीं हो।

(अनुपालनः आर0टी0ए0 सचिव/सभी परमिटधारीं)

21. **कार्यालय द्वारा कागजात की जाँच करना** :– परमिट निर्गत करने से पूर्व वाहन के सभी मान्य कागजात यथा प्रदूषण प्रमाण–पत्र, बीमा, दुरूस्ती प्रमाण–पत्र, टैक्स, लंबित जुर्माना, वी0एल0टी0डी0, विहित प्रपत्र में मोटरयान निरीक्षक का जाँच प्रतिवेदन, अधिरोपित जुर्माना, शपथ–पत्र इत्यादि की जाँच कर, बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार संबंधित डाटा इन्ट्री ऑपरेटर परमिट प्रिंट करेंगे। तत्पश्चात् संबंधित लिपिक द्वारा पुनः उपर्युक्त तथ्यों की जाँच कर हस्ताक्षर हेतु परमिट उपस्थापित की जायेगी।

(अनुपालनः आर0टी0ए0 सचिव/लिपिक)

22. **परमिट सिर्फ यात्री परिवहन हेतु** :– प्रायः ऐसा देखा जाता है कि वाहन स्वामियों द्वारा परमिट स्टेज कैरेज के नाम पर प्राप्त किया जाता है परन्तु उसका परिचालन स्कूल बस के रूप में कराया जाता है। टाईम स्लॉट घेर कर रखने से अन्य वाहन स्वामी परमिट प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं। प्राधिकार से स्टेज कैरेज परमिट प्राप्त कर स्कूल बस के रूप में परिचालित होने वाले बसों पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए परमिट रद्द करने का निर्णय लिया गया है। **बस में व्यावसायिक उपयोग हेतु सामान ढोना/छत पर सामान रखना प्रतिबंधित है।** इस तरह के मामले पर आयुक्त–सह–अध्यक्ष द्वारा सभी डी0टी0ओ0 को जाँच कर विधि सम्मत् कार्रवाई करने का निदेश दिया गया है।

(अनुपालनः सभी डी0टी0ओ0 तिरहुत, प्रमण्डलान्तर्गत)

23. **परमिट निर्गत करने से पूर्व वाहनों की जॉच :-** इस प्राधिकार के आदेश सं0– 3040 दिनांक 08.08.2024 के द्वारा वाहनों का भौतिक सत्यापन/जॉच प्रतिवेदन निर्गत करने हेतु क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर (तिरहुत प्रमंडल) मे पदस्थापित मोटरयान निरीक्षक को प्राधिकृत किया गया है। अतः प्राधिकार के परमिट से संबंधित सभी वाहनों का निरीक्षण/जॉच प्रतिवेदन मोटरयान निरीक्षक, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर द्वारा किया जाएगा।

(अनुपालनः मोटरयान निरीक्षक, आर0टी0ए0 मुजफ्फरपुर)

24. **परमिट के नवीकरण/प्रतिस्थापन एवं सॉफ्टवेयर में ऑनलाईन करने के संबंध में निर्णय** :– परमिट नवीकरण/प्रतिस्थापन एवं ऑनलाईन किये जाने वाले वैसे मामले :–

(i) जिसमे परमिट पर अंकित सभी भाया संबंधित मार्ग पर अच्छादित/अंकित हो तो उस मार्ग के अन्य ठहराव स्थल को बाईपास कर परमिटों का नवीकरण किया जा सकेगा।

(ii) जिसमें अधिसूचित मार्ग पर अंकित भाया से पुराने परमिटों में अंकित कुछ भाया अतिरिक्त जुड़े हुए हैं, तो वैसे मामलों में संबंधित वाहन स्वामी के अनुरोध के आलोक में उनसे प्रथम श्रेणी दंण्डाधिकारी से निर्गत शपथ–पत्र के साथ सहमति पत्र प्राप्त कर अतिरिक्त भाया को विलोपित करते हुए जाँचोपरान्त यथा उपयुक्त अधिसूचित मार्ग पर नवीकरण/प्रतिस्थापन किया जा सकेगा।

(iii) जिसमें अबतक मार्ग अधिसूचित नहीं हो पाया है उसे परिवहन विभाग, बिहार, पटना को मार्ग अधिसूचित करने हेतु पुनः पत्र प्रेषित किया जा सकेगा। इस तरह के मामले पर क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, की बैठक में आवेदनों के निष्पादन हेतु सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

25. **प्राधिकार की बैठक में भाग लेना** :– प्राधिकार द्वारा निदेश दिया गया कि प्राधिकार की बैठक में संबंधित वाहन स्वामी या उनके **वैध प्रतिनिधि** (विधिवत् रूप से प्राधिकृत एवं आई0डी0 कार्ड के साथ) ही भाग लेंगे।

26. **कार्यवाही में अंकित सभी वाहनों के कागजात की जाँच कर** संबंधित जिला परिवहन पदाधिकारी नियमानुसार जुर्माना एवं कार्रवाई करेंगे तथा कृत कार्रवाई की सूचना बैठक से एक सप्ताह के अन्दर इस कार्यालय को भी देंगे। अद्यतन कागजात के बिना वाहन के परिचालन होने पर संबंधित जिला परिवहन पदाधिकारी/अपर जिला परिवहन पदाधिकारी/मोटरयान निरीक्षक/प्रवर्त्तन निरीक्षक/प्रवर्त्तन अवर निरीक्षक की भी जवाबदेही तय की जायेगी।

अतएव सभी जिला परिवहन पदाधिकारी अपने क्षेत्राधिकार में निबंधित एवं परिचालित वाहनों के कागजात की जाँच कर सुनिश्चित करेंगे कि बिना अद्यतन कागजात वाले वाहनों का परिचालन न हो।

27. **समान मार्ग संख्या वाले परमिट से कार्यालय अभ्युक्ति अंकित किया जाना :–** कार्यालय द्वारा आवेदित वाहन के समय पर समान मार्ग संख्या वाले सभी परमिटों के मुख्य बिन्दु पर अंकित समय का मिलान किया जाता है एवं टकराव पाये जाने की स्थिति में कार्यालय अभ्युक्ति में अंकित कर ट्रिप कटाव किया जाता है। अन्य मार्ग संख्या वाले परमिट से आपत्ति प्राप्त होने पर उसी आवेदन के संबंध में विचार किया जाता है, जिसपर आपत्ति प्राप्त होती है। मुख्य बिन्दु या मध्य बिन्दु पर समय टकराव होने की स्थिति में आवेदित वाहन को बाईपास/ट्रिप कटाव किया जाता है। प्राधिकार द्वारा 40 प्रतिशत से अधिक कॉमन रूट को समान रूट मानकर ट्रिप कटाव किया जाता है।

28. **परमिट यात्रियों की सुविधा हेतुः–** क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु परमिट स्वीकृत किया जाता है। कतिपय वाहन स्वामियों द्वारा लगातार टाईम स्लॉट में चार–पाँच परमिट प्राप्त किया जाता है एवं एक वाहन का परिचालन किया जाता है। टाईम–स्लॉट घेर कर रखा जाता है, ताकि अन्य आवेदक उक्त समय पर आवेदन न कर सके। क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार द्वारा निर्णय लिया गया कि शिकायत प्राप्त होने पर ऐसे सभी वाहनों का वी. एल. टी. डी. रिपोर्ट एवं टॉल प्लाजा रिपोर्ट प्राप्त कर परिचालन होने कें संबंध में जानकारी प्राप्त की जायेगी। **परमिट से आवृत्त वाहनों का परिचालन नहीं पाये जाने की स्थिति में परमिट रद्द कर दिया जाएगा एवं टाईम–स्लॉट फ्री कर दिया जाएगा, ताकि उक्त टाईम–स्लॉट पर अन्य वाहन स्वामी आवेदन कर सके एवं यात्रीगणों को सुविधा मिले।**

29. **फर्जी बीमा प्रमाण–पत्र के संबंध में कार्रवाई :–** प्राप्त सूचनानुसार कतिपय वाहन स्वामियों द्वारा अपने वाहन का फर्जी बीमा प्रमाण–पत्र बनवाकर परिचालित किया जा रहा है। फर्जी बीमा प्रमाण–पत्र वाले वाहनों की दुर्घटना आदि की स्थिति में पीड़ितों को कोई दावा/मुआवजा आदि का लाभ प्राप्त नहीं हो सकेगा।

अतएव इस संबंध में प्राधिकार द्वारा सभी बसों के बीमा प्रमाण–पत्र की जाँच कराने का निर्णय लिया गया। यदि किसी वाहन का **बीमा प्रमाण–पत्र फर्जी पाया जायेगा तो संबंधित वाहन स्वामी के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत् कार्रवाई की जाएगी।**

30. **आवेदन की अंतिम तिथि के पूर्व परमिट प्रत्यर्पण करना :–**

(क) वाहन स्वामियों को पुनः निदेश दिया गया कि परमिट से आवृत वाहनों के लिए किसी अन्य मार्ग पर परमिट हेतु आवेदन देना चाहते हैं तो आवेदन करने से पहले पूर्व का परमिट **कार्यालय में प्रत्यर्पित कराना सुनिश्चित करें,** ताकि उक्त टाईम स्लॉट को रिक्त मान कर आवेदित वाहन को परमिट स्वीकृत किया जा सके, अन्यथा बाद में प्रत्यर्पित परमिट पर विचार नहीं किया जायेगा।

(ख) यदि किसी वाहन स्वामी का आवेदित वाहन पूर्व से परमिट से आवृत्त है एवं उसी वाहन से उसी मार्ग पर नया परमिट प्राप्त करने हेतु आवेदन किया गया हो तो परमिट प्रत्यर्पण की आवश्यकता नहीं है, परन्तु परमिट निर्गमन की तिथि से छः माह बाद ही नया आवेदन स्वीकार किया जाएगा।

(ग) यदि किसी वाहन स्वामी का आवेदित वाहन के समय का टकराव उनके अन्य परमिट आवृत्त वाहन से हो रहा हो एवं वाहन स्वामी खेप कटाव नहीं चाहते हों तो इसके लिए पूर्व निर्गत परमिट को बैठक की तिथि से बैठक की तिथि छोड़कर सात दिन पूर्व तक प्रत्यर्पण करना आवश्यक है।

नोट :–राज्य परिवहन प्राधिकार द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में स्थायी परमिट का प्रत्यर्पण परमिट निर्गमन की तिथि से छः माह के बाद ही किया जाएगा तथा संबंधित प्राधिकार द्वारा किया जाएगा। इस अवधि में प्रत्यर्पण की शर्त्त पर नया परमिट स्वीकृत नहीं किया जाएगा।

31. **दो पड़ावों के बीच दूरी :–** कतिपय वाहन स्वामियों द्वारा अलग–अलग दूरी के संबंध में साक्ष्य/आपत्ति किया जाता है। प्राधिकार द्वारा निर्णय लिया गया कि विभागीय सॉफ्टवेयर में अंकित दूरी को सही मानकर परमिट स्वीकृत/निर्गत करने पर विचार किया जाएगा। यदि किसी वाहन स्वामी द्वारा दूरी के संबंध में

आवेदन दिया जाता है तो उक्त दूरी के संबंध में सक्षम पदाधिकारी से जाँच प्रतिवेदन प्राप्त कर विभाग को सॉफ्टवेयर में सुधार करने हेतु भेजा जाएगा।

32. **High Security Registration Plate** :– केन्द्रीय मोटरवाहन नियमावली, 1989 के नियम 50 एवं 51 में निहित प्रावधानों के तहत सभी वाहनों में H.S.R.P. लगाना अनिवार्य किया गया है। क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर के समक्ष परमिट हेतु प्राप्त आवेदनों के साथ संलग्न फोटो की जाँच करने पर पता चलता है कि कतिपय वाहनों में H.S.R.P. नहीं लगा है। सभी वाहन स्वामियों को निदेश दिया गया कि वे अपने सभी परमिट आवृत वाहनों एवं आवेदित वाहनों पर H.S.R.P. लगाना सुनिश्चित करें एवं पूर्व से लगाये H.S.R.P. को वाहन पोर्टल पर अद्यतन कराना भी सुनिश्चित करें यह उनकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी। H.S.R.P. अद्यतन नहीं होने पर प्राधिकार द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

सभी जिला परिवहन पदाधिकारी, तिरहुत प्रमंडलान्तर्गत को निदेश दिया गया कि H.S.R.P. अद्यतन कराने संबंधी वाहन स्वामियों से प्राप्त आवेदनों को शीघ्र निष्पादित करें एवं अपने क्षेत्राधिकार में बिना H.S.R.P. (अति सुरक्षा रजिस्ट्रीकरण प्लेट) के परिचालित होने वाले सभी वाहनों की जाँच कर नियमानुसार जुर्माना/कार्रवाई करें।

33. **नये मार्ग अधिसूचित करने के संबंध में** :– क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर द्वारा निर्णय लिया गया कि यदि नया मार्ग अधिसूचित कराने हेतु कोई आवेदन प्राप्त होता है, तो उसकी आवश्यकता की जाँच संबंधित जिला परिवहन पदाधिकारी से करायी जायेगी। जिला परिवहन पदाधिकारी से अनुशंसा प्राप्त होने पर उक्त मार्ग को अधिसूचित करने हेतु विभाग से अनुरोध किया जायेगा।

34. **मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना** :– अपर सचिव परिवहन विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–14344 दिनांक–11.12.2024 द्वारा मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के तहत परमिट प्राप्त करने हेतु मार्गो के संबंध में स्पष्ट किया गया है कि (i) मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के लाभुक वाहन का परिचालन अपने प्रखंड से/होकर जिला मुख्यालय या निकटवर्ती जिला मुख्यालय तक के लिए परिवहन विभाग के अधिसूचित मार्ग का चयन कर परमिट प्राप्त कर सकते हैं लेकिन इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि बस का ठहराव उस प्रखंड मुख्यालय में अवश्य हो जहाँ के लिए उक्त योजनान्तर्गत लाभुक का चयन किया गया है। (ii) यदि लाभुक कोई नया मार्ग हेतु आवेदन देना चाहते है जो उनके प्रखंड मुख्यालय से होते हुए/से जिला मुख्यालय/निकटवर्ती जिला मुख्यालय को जाता हो तो नया मार्ग को अधिसूचित करने के लिए क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर के कार्यालय में आवेदन समर्पित किया जा सकता है, ताकि परिवहन विभाग से मार्ग अधिसूचित करने हेतु अग्रेतर कार्रवाई किया जा सके। इस योजना से आच्छादित लाभुकों को परमिट हेतु आवेदन संबंधित सारी जानकारी देने के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी को प्राधिकृत करने का निर्णय लिया गया।

(अनुपालनः सभी जिला परिवहन पदाधिकारी, तिरहुत, प्रमण्डलान्तर्गत)

35. **वाहन के पंजीकरण प्रमाण–पत्र में मोबाईल नं0 अद्यतन कराने के संबंध में** :– परिवहन विभाग, बिहार पटना द्वारा चालक अनुज्ञप्ति तथा वाहन पंजीकरण प्रमाण–पत्र से मोबाईल नं0 लिंक नही रहने पर कार्रवाई करने का निदेश संसूचित है। सभी वाहन स्वामियों को निदेश दिया गया कि वाहन के पंजीकरण प्रमाण–पत्र में मोबाईल नं0 अद्यतन करा लें अन्यथा विधिसम्मत् कार्रवाई की जाएगी।

36. **(क) स्टेज कैरेज परमिट का स्वामित्व हस्तानांतरण** :–

परमिट होल्ड करना :–

कार्यालय अभिलेख के लिए निम्नलिखित कागजातों की पठनीय एवं स्वअभिप्रमाणित प्रति कार्यालय में काउण्टर संख्या–01 पर जमा कराना आवश्यक है।

(i) परमिट की स्वअभिप्रमाणित प्रति।

(ii) प्राधिकार को की गई सूचना की स्वअभिप्रमाणित प्रति। (यदि लागू हो तो सक्षम प्रधिकार से निर्गत वंशावली)

(iii) वाहन स्वामी की स्वअभिप्रमाणित आधार कार्ड/मृत्यु की स्थिति में सक्षम प्रधिकार से निर्गत मृत्यु प्रमाण–पत्र।

(ख) परमिट रिस्टोर करना :–

कार्यालय अभिलेख के लिए निम्नलिखित कागजातों की पठनीय एवं स्वअभिप्रमाणित प्रति कार्यालय में काउण्टर संख्या–01 पर जमा कराना आवश्यक है।

(i) परमिट की मूल प्रति।

(ii) वाहन के सभी मान्य कागजात की स्अभिप्रमाणित प्रति।

(iii) स्वामित्व धारण करने वाले वाहन स्वामी का स्वअभिप्रमाणित आधार कार्ड।

(iv) प्रयोजन का साक्ष्य।

(v) वाहन स्वामी का नाम एवं पूर्ण पता (मोबाईल नं0 एवं पिन कोड सहित) लिखित लिफाफा 26 रूपये डाक टिकट के साथ, ताकि सही पते पर परमिट भेजा जा सके।

(vii) स्वामित्व धारण करने वाले वाहन स्वामी का फोटो (वाहन–6, वाहन स्वामी–1)

(viii) मोटरयान निरीक्षक, का जाँच प्रतिवेदन। (परमिट पुर्नस्थापित करने संबंधित वाहन का)

(ग) नये एजेंट अनुज्ञप्ति हेतु आवेदन :–

कार्यालय अभिलेख के लिए निम्नलिखित कागजातों की पठनीय एवं स्वअभिप्रमाणित प्रति कार्यालय में काउण्टर संख्या–01 पर जमा कराना आवश्यक है।

(i) आवेदक का पहचान पत्र स्वअभिप्रमाणित प्रति।

(ii) आवेदक का अद्यतन चरित्र प्रमाण–पत्र (पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत)।

(iii) उम्र संबंधी प्रमाण प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति।

(iv) शैक्षणिक प्रमाण प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति।

(v) आवेदक का फोटा–03

(घ) एजेंट अनुज्ञप्ति का नवीकरण हेतु आवेदन :–

कार्यालय अभिलेख के लिए निम्नलिखित कागजातों की पठनीय एवं स्वअभिप्रमाणित प्रति कार्यालय में काउण्टर संख्या–01 पर जमा कराना आवश्यक है।

(i) आवेदक का पहचान पत्र स्वअभिप्रमाणित प्रति।

(ii) आवेदक का अद्यतन चरित्र प्रमाण–पत्र (पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत)।

(iii) उम्र संबंधी प्रमाण प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति।

(iv) शैक्षणिक प्रमाण प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति।

(v) आवेदक का फोटो–02

(vi) एजेंट अनुज्ञप्ति की मूल प्रति।

37. **स्थायी स्टेज कैरेज परमिट से संबंधित प्राधिकार का अन्य निर्णय :–**

(i) बिहार मोटरयान नियमावली–1992 के नियम–79(1)(c) के अनुसार स्टेज कैरेज परमिट आवृत वाहनों को यात्रियों की सुविधा को देखते हुए प्राधिकार द्वारा अनुमोदित समय–सारणी के अनुसार निर्धारित रूट पर नियमित रूप से परिचालन किया जाना है। अतः स्थायी परमिट से आवृत बसों को यात्री हित में देखते हुए स्पेशल परमिट निर्गत नहीं किया जाएगा। केवल स्पेयर वाहनों/बसों को ही स्पेशल परमिट दिया जाएगा।

(ii) परमिट से आवृत्त वाहनों का परिचालन अनुमान्य दूरी के अनुरूप किया जाना है, वाहन स्वामियों का दायित्व है कि निर्धारित समय सीमा में वाहनों को उच्च मॉडल से प्रतिस्थापन करवाना सुनिश्चित करें अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई करते हुए परमिट रद्द कर दिया जाएगा।

(iii) बस में व्यावसायिक उपयोग हेतु सामान ढोना/छत पर सामान रखना प्रतिबंधित है, उल्लंघन करने वाले वाहन स्वामियों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

(iv) बिहार मोटरयान नियमावली–1922 के नियम–16(c) एवं 29(l) के अनुसार वाहन चालक तथा कंडक्टर का दायित्व है कि वाहन के यात्री कम्पार्टमेंट को साफ एवं स्वच्छ रखें जिससे यात्रियों के स्वास्थ्य–रक्षा

सुनिश्चित हो सके, उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों/कंडक्टरों/वाहन स्वामियों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

(v) किसी भी स्थिति में आवेदित समय–सारणी (Time-Table) में सुधार/संशोधन नहीं किया जाएगा।

38. **यात्री वाहनों में परमिट शर्तों के अनुरूप आवश्यक सामग्री/उपकरण उपलब्ध कराना :–** सवारी गाड़ी में परमिट शर्त के अनुसार अग्निशामक उपकरण, प्राथमिक उपचार पेटी, दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिक हेतु सुरक्षित सीटें, आपातकालीन निकास द्वार, शिकायत पंजी, वाहन कक्ष की समुचित सफाई की व्यवस्था, अश्लील गाना बजाने पर निषेध आदि का प्रावधान है। परन्तु वाहनों में इन आवश्यक पहलुओं के अभाव में यात्री सुरक्षा/सुविधा प्रभावित होती है। अतः वाहन स्वामियों से अनुरोध है कि अपने वाहन में इनकी उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

सभी जिला परिवहन पदाधिकारी, तिरहुत प्रमंडलान्तर्गत को निदेश दिया गया कि उक्त का अनुपालन नहीं करने वाले वाहनों के विरूद्ध जाँच कर मोटरयान अधिनियम के अन्तर्गत परमिट शर्तों के उल्लंघन से संबंधित धाराओं के अधीन नियमानुसार जुर्माना/आवश्यक कार्रवाई करें।

39. परमिट संबंधी मामलों में जनहित एवं जीवनक्षति को रोकने के उद्देश्य से उपरोक्त के अलावे प्राधिकार द्वारा अन्य निर्णय भी लिए जा सकते है।

स्वच्छ एवं स्वस्थ व्यवस्था बनाने में वाहन स्वामियो, आपत्तिकर्त्ताओं एवं अन्य पक्षकारों से अपेक्षाओं के साथ अन्त में सधन्यवाद बैठक समाप्त की गयी।

9.5

अपर समाहर्त्ता,
(राजस्व)
मुजफ्फरपुर।

09.05.25

संयुक्त आयुक्त–सह–सचिव,
क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार,
मुजफ्फरपुर।

09/05/2025

आयुक्त–सह–अध्यक्ष,
क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार,
मुजफ्फरपुर।

ज्ञापांक 274 /

मुजफ्फरपुर, दिनांक 10/05/2025

प्रतिलिपि :– सचिव, परिवहन विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ।
प्रतिलिपि :– राज्य परिवहन आयुक्त, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ।
प्रतिलिपि :– सभी जिला पदाधिकारी, तिरहुत प्रमण्डलांतर्गत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपि :– सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, पटना/दरभंगा/छपरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपि :– सभी जिला परिवहन पदाधिकारी/सभी अपर जिला परिवहन पदाधिकारी/सभी मोटरयान निरीक्षक/सभी प्रवर्त्तन निरीक्षक/सभी प्रवर्त्तन अवर निरीक्षक, तिरहुत प्रमण्डलांतर्गत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ/अनुपालनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि :– सभी संबंधितों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

09.05.25

संयुक्त आयुक्त–सह–सचिव,
क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर।

APRIL-2025

क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर की बैठक

दिनांक–09.05.2025 की कार्यावली।

समयः–11:00 बजे पूर्वाहन से,

स्थानः–आयुक्त कार्यालय, प्रकोष्ठ

कार्यालय क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर।

कार्यालय क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर की बैठक दिनांक–**09.05.2025** की कार्यावली।				पृष्ट सं0	
कार्यावली सं0–(1)	1	गत बैठक दिनांक 28.03.2025 की कार्यवाही का अनुपालन प्रतिवेदन	परिशिष्ट–I		
कार्यावली सं0–(2)	प्राधिकार की बैठक के प्रत्याशा में संयुक्त आयुक्त सह सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर द्वारा प्रदत शक्ति के तहत किये गये कार्यो की सूची।		परिशिष्ट–II		
	(I)	बस का अस्थायी (विशेष) परमिट – (01 से 28 दिन) तक।			
	(II)	दूसरे राज्यों हेतु अस्थायी परमिट (01 से 28 दिन) तक।			
	(III)	ऑटो रिक्शा/जीप टैक्सी का स्थायी परमिट (05 वर्षो के लिए)			
	(IV)	जनता मालवाहक का स्थायी परमिट (05 वर्षो के लिए)			
	(V)	नेशनल परमिट का स्थायी परमिट (एक वर्ष)।			
	(VI)	प्राधिकार की बैठक में प्रत्यायोजित शक्ति के अधीन स्थायी सवारी गाड़ी के नवीकरण एवं स्थायी प्रतिस्थापन किये गये परमिटों की सूची।			
	(VII)	अध्यक्षीय आदेश के आलोक में बैठक में सम्पुष्टि की प्रत्याशा में नामंतरित एवं रद्द किये गये परमिटों की सूची।	परिशिष्ट–III		
कार्यावली सं0–(3)	(i)	बसों के स्थायी परमिट निर्गत करने हेतु प्राप्त आवेदनों पर विचार।	परिशिष्ट–IV		
	(ii)	एजेन्ट लाईसेन्स के प्राप्त आवेदनों पर विचार।	परिशिष्ट–V		

कार्यावली संख्या–2(I-V) परिशिष्ट–II

प्राधिकार की बैठक के प्रत्याशा में संयुक्त आयुक्त–सह–सचिव क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार मुजफ्फरपुर द्वारा प्रदत्त शक्ति के तहत किये गये कार्यों की सूचीः–दिनांक 01.04.2025 से 30.04.2025 तक।

1	बस का अस्थायी (विशेष) परमिटं (01 से 28 दिन)–अस्थायी (विशेष) परमिट संख्या– BR2025-SPL-4665A तक।
2	दूसरे राज्यों हेतु अस्थायी परमिट (01 से 28 दिन)– अस्थायी परमिट संख्या – शून्य।
3	ऑटो रिक्शा/जीप टैक्सी स्थायी परमिट (05 वर्ष)– स्थायी परमिट संख्या– शून्य।
4	जनता मालवाहक हल्का वाहन/मध्यम वाहन एवं भारी वाहन का स्थायी परमिट (05 वर्ष)– स्थायी परमिट संख्या– शून्य।
5	नेशनल परमिट का स्थायी परमिट (01 वर्ष)– स्थायी परमिट संख्या– शून्य।

कार्यावली संख्या–2 (VI) परिशिष्ट–II

प्राधिकार की बैठक में प्रत्यायोजित शक्ति के अधीन स्थायी सवारी गाड़ी के नवीकरण किये गये परमिटों की सूची।

क्र0सं0	वाहन स्वामी का नाम/पता	वाहन संख्या /निबंधन की तिथि	परमिट संख्या	नवीकृत परमिट की वैद्यता	अभियुक्ति
1	श्रीमती रश्मि, पता–अहियापुर न्यु जिरो माइल, जिला–मुजफ्फरपुर।	BR06PA-2630 /08-06-20210	692/2009	7/12/2029	
2	श्री टिंकु कुमार, पता–बसहिया शेख पिपराही, जिला–शिवहर।	BR06PB-2046 /30-06-2012	BR/106/SC/BUS/2019/72	16/12/2029	
3	श्रीमती नेहा कुमारी, पता–दामुचौक नियर रेलवे लाइन मोहम्मदपुर काजी, जिला–मुजफ्फरपुर।	BR06PE-4591 /25-09-2019	BR/106/SC/BUS/2019/46	12/12/2029	
4	श्रीमती सुमन देवी, पता–भेरियाहि सोठी, हरिदासपुर, कांटी, जिला–मुजफ्फरपुर।	BR06PE-7996 /25-02-2019	BR2020-SC-0006A	2/1/2030	
5	श्री दुष्यंत कुमार सिंह, पता–खैरवा, अंचल–डुमरा, जिला–सीतामढी।	BR06PD-8751 /17-02-2017	BR2020-SC-0045A	13/01/2030	
6	श्रीमती गीता देवी, पता–मधैल, सुस्ता मधेपुर,जिला–मुजफ्फरपुर।	BR06PE-3140 /11-06-2019	BR/106/SC/BUS/2019/15	8/12/2029	
7	श्री राजीव रंजन, पता–भवानीपुर जिरात मातिहारी, जिला–पूर्वी चम्पारण।	BR06PE-9296 /24-01-2020	BR2020-SC-0259A	8/3/2030	
8	श्रीमती रेणु मिश्रा, पता–रशुलपुर जिलानी थाना– काजी महमदपुर, जिला–मुजफ्फरपुर।	BR06PE-2969 /27-05-2019	0124/2009	25/05/2029	
9	श्री नवल किशोर राय, पता–रामपुर हरि, रामपुर हरि मिनापुर, जिला–मुजफ्फरपुर।	BR06PE-5261 /10-10-2019	BR2020-SC-0254A	8/3/2030	
10	श्री सुधीर कुमार, पता– हॉस्पीटल रोड, रून्नीसैदपुर, जिला–सीतामढी।	BR06PE-6961 /15-10-2019	BR2020-SC-0306A	13/03/2030	
11	श्री चंदन कुमार, पता–रामपुर हरि, रामपुर हरि मिनापुर, जिला–मुजफ्फरपुर।	BR06PE-9861 /19-07-2019	BR2020-SC-0314A	15-03-2030	
12	मे0 लव कुश बस सर्विस, प्र0लि0, पता–गांधीनगर, बगहा,, जिला–प0 चम्पारण।	BR06PE-4397 /16-09-2019	BR2020-SC-0266A	8/3/2030	

RTA MUZ

क्र0सं0	वाहन स्वामी का नाम/पता	वाहन संख्या /निबंधन की तिथि	परमिट संख्या	नवीकृत परमिट की वैद्यता	अभियुक्ति
13	श्री विकाश कुमार, पता–राजेन्द्र नगर मातिहारी, छातौनी, जिला–पूर्वी चम्पारण।	BR06PA-9496 /07-06-2011	30	7/4/2029	
14	श्रीमती खुशबु कुमारी पता–राजेन्द्र नगर,शर्मा होटल के बगल मे, मोतिहारी, जिला–पूर्वी चम्पारण।	BR06PD-9606 /09-08-2018	029/2019	7/4/2029	
15	गुप्ता ट्रांस्पोर्ट कम्पनी, पता–इमली चट्टी, एच0पी0ओ0 जिला–मुजफ्फरपुर।	BR06PD-0951 /18-08-2016	000092/2014	20-06-2029	
16	श्री विजय कुमार शुक्ला, पता–खनजनचक, लालगंज, जिला–वैशाली।	BR25PA-9651 /28-05-2019	296/2019	5/9/2029	
17	श्री विजय कुमार शुक्ला, पता–खनजनचक, लालगंज, जिला–वैशाली।	BR25PA-9851 /28-05-2019	293/2019	5/9/2029	
18	श्रीमती विनीता देवी, पता–पहारपुर, मोतिहारी जिला–पूर्वी चम्पारण।	BR05P-4575 /16-03-2011	BR/106/SC/BUS/2019/125	30-12-2029	
19	श्रीमती गोदावरी देवी, पता–संजय सिनेमा रोड रियर मंडप विवाह भवन गली, ब्रह्मपुरा, मीत जिला–मुजफ्फरपुर।	BR06PE-0639 /28-11-2018	BR/106/SC/BUS/2019/76	16-12-2029	

RTA MUZ

प्राधिकार की बैठक में प्रत्यायोजित शक्ति के अधीन परमिट से आवृत्त वाहनों के प्रतिस्थापन की सूची।

क्र0 सं0	वाहन स्वामी का नाम/पता	परमिट संख्या	परमिट पर आवृत वाहन संख्या	प्रतिस्थापित वाहन संख्या	अभियुक्ति
1	श्री सुमुख सौरभ, पता–अलकापुरी भगवानपुर, सदर, जिला–मुजफ्फरपुर।	BR/106/SC/BUS/2019/37	BR06P5796	BR31P-9896	
2	श्री विनय कुमार सिंह, पता– वार्ड नं0–26, रघुनाथपुरी मेशोल उर्फ रामपुर लक्ष्मी, जिला–सतामढी।	BR2022-SC-2679A	BR30P-0497	BR30PA-5951	
3	श्रीमती अरूण देवी, पता– राजेपुर लौरिया, गोविंदगंज, जिला–पूर्वी चम्पारण।	0088/2010	BR06P-8307	BR05P-8963	
4	श्री अजय कुमार शर्मा, पता–कुम्मा पुपराही, जिला–शिवहर।	0033/2005	BR30P-0461	BR55A-3511	
5	श्री मनोज शर्मा, पता– नवलपुर, जिला–प0 चम्पारण।	BR2023-SC-3325A	BR06PA-1797	BR06PG-1752	
6	श्री मृत्युंजय शरण ठाकुर, पता–पंडित भवन कछी सराय, रमणा, मिठनपुरा, जिला–मुजफ्फरपुर।	666/2009	BR06PC-9907	BR25PA-4670	

कार्यावली संख्या–3(i) – परिशिष्ट–IV						अप्रैल– 2025			
एजेंडा क्र0	वाहन स्वामी का नाम, पता एवं बैनर	वाहन संख्या/निबंधन की तिथि एवं मॉडल	वैधता	मार्ग एवं समय सारणी	आपत्ति	आपत्तिकर्त्ता के वाहन का विवरण।	कार्यालय अभ्युक्ति	विवरण	निर्णय
1	श्री मनोज कुमार यादव, पिता–स्व0 चन्देश्वर राय, पता–बी0बी0 गंज, भगवानपुर, थाना–सदर, जिला– मुजफ्फरपुर। बैनर का नाम– नितु राजा।	बी.आर. 06 पी. जी.–1108 03.01.2024 मॉडल 2023	बी.आर. 06 पी.जी. –1108 टैक्स–01.07.2025 फिटनेश–02.10.2026 इन्शुरेंस–01.01.2026 प्रदूषण–03.01.2026 वीएलटीडी–03.01. 2026 एच0एस0आर0पी0–हॉ जुर्माना–नहीं।	मार्ग संख्या–226 डाउन। मुजफ्फरपुर से पुपरी। भाया–न्यू जीरोमाईल, सहबाजपुर, द्रोणपुर, झपहॉ, कोरलहिया, जनार, रून्नीसैदपुर, गाछी, महुआ, रायपुर। प्रतिदिन पाँच खेप आना जाना। मुजफ्फरपुर प्र0–04.47, 09.57, 13. 17, 15.47, 18.55 पुपरी प्र0–07.39, 11.35, 14.37, 16. 51, 20.43,	आपत्ति अप्राप्त।				स्वीकृत।
